कार्यालय जनपद न्यायाधीश, हमीरपुर।
नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, हमीरपुर के प्रांगण में निष्प्रोज्य लकड़ी, रद्दी कागज तथा वाह्य न्यायालय राठ में कुछ लोहा एवं प्लास्टिक की नीलामी दिनांक 01.09.2023 को समय सायं 4.00 बजे नियत की गयी है। उक्त तिथि के अन्दर इच्छुक व्यक्ति नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अपने आवेदन पत्र दिनांक 01.09.2023 को समय 1.00 बजे अपरान्ह तक नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय, हमीरपुर में प्रस्तुत कर सकते है।

1. निष्प्रोज्य लकड़ी, लोहा, प्लास्टिक एवं रद्दी कागज की नीलामी के लिये आवेदन पत्र के साथ प्रत्येक बोलीदाता को जमानत धनराशि के रुप में मु0 5,000/- रुपये (पाँच हजार रुपये) नगद दिनांक 01.09.2023 को समय 1.00 बजे अपरान्ह तक जनपद न्यायालय के नजारत अनुभाग में जमा करनी होगी। न्यूनतम बोली लोक निर्माण विभाग द्वारा मूल्यांकित धनराशि मु0 21505/-रू0 (इक्कीस हजार पाँच सौ पाँच रुपये) से प्रारम्भ होगी इससे कम धनराशि की बोली स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. जिस बोलीदाता की नीलामी धनराशि सबसे अधिक होगी वह स्वीकार की जायेगी तथा उसे सम्पूर्ण धनराशि उक्त सामान (निष्प्रोज्य लकड़ी, लोहा, प्लास्टिक एवं रद्दी कागज) को उठाने से पूर्व इस कार्यालय में जमा करनी होगी।
3. जिस बोलीदाता की बोली उक्त सामग्री हेतु स्वीकार की जायेगी उस बोलीदाता को एक सप्ताह के अंदर बोली की संपूर्ण धनराशि जमा कर संपूर्ण सामान उठाकर उस स्थान की सफाई आदि कराना सुनिश्चित करना होगा।

निष्प्रोज्य लकड़ी, लोहा, प्लास्टिक एवं रद्दी कागज से सम्बन्धित नीलामी एवं कार्य करने की अन्य शर्तो की विस्तृत जानकारी नजारत अनुभाग से कार्यालय समय पर की जा सकती है।

अध्यक्ष (नीलामी समिति)
जनपद न्यायालय, हमीरपुर।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. श्रीमान् ओ0एस0डी0 (कम्प्यूटर) मा0उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को वेबसाइट पर सूचना को प्रदर्शित किये जाने के अनुरोध सहित।
2. मा0 जनपद न्यायाधीश, हमीरपुर को सूचनार्थ।
3. कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर।
4. कार्यालय लोकनिर्माण विभाग, हमीरपुर।
5. कार्यालय नगर पालिका परिषद्, हमीरपुर।
6. जनपद न्यायालय, कानपुर नगर को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
7. जनपद न्यायालय, कानपुर देहात को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
8. जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
09. जिला सूचना अधिकारी हमीरपुर को निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
10. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर, जनपद न्यायालय, हमीरपुर को मा0 उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायालय, हमीरपुर की वेबसाइट पर सूचना को प्रदर्शित कराये जाने हेतु।

अध्यक्ष (नीलामी समिति)
जनपद न्यायालय, हमीरपुर।